आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रशासनिक अधिकारी ज्ञानेश भारती ने अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है।
- प्रशासन ने गुप्तापाड़ा और मक्कापहाड़ बांध के विकास के लिए स्वीकृति प्रदान की।
- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने 'तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2025' के लिए पात्र व्यक्तियों से नामांकन आमंत्रित किए हैं।
- खेल एवं युवा मामले विभाग राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 22 अगस्त से विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करेगा।

<><><><><><>

प्रशासनिक अधिकारी ज्ञानेश भारती ने अंडमान निकोबार प्रशासन में मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद, कल लोक निवास में उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी. के. जोशी से शिष्टाचार भेंट की।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के विकास के लिए आवश्यक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, प्रशासन ने जल स्रोतों के विकेंद्रीकृत विकास की बहुआयामी रणनीति अपनाई है। इसके तहत पुराने स्रोतों का पुनरुद्धार और एकीकरण करने के साथ–साथ नए बड़े जल निकायों का विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री विजयपुरम में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए, केंद्रीय जल आयोग के डेस्कटॉप अध्ययन के आधार पर गुप्तापारा बांध और मक्कापहाड़ बांध जैसे दो बड़े जलाशयों के विकास की योजना बनाई है। निरीक्षण के बाद इस प्रस्ताव को प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। एक औपचारिक कार्यक्रम में इन दोनों बांधों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू करने के लिए अंडमान लोक निर्माण विभाग और केन्द्रीय जल आयोग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

<><><><><><>

प्रशासन की ओर से 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज' पर जागरूकता–सह–उन्मुखीकरण कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसके तहत, कल मध्योत्तर अंडमान जिले के महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में वर्चुअल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग के स्रोत अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छात्रों को 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज' के बारे में जानकारी दी और छात्रों से अपनी विरासत को सहेजने, दस्तावेजीकरण करने और द्वीप समूह का रत्न बनने का आह्वान किया। आज द्वीपों के अन्य हिस्सों में भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग वित्तीय वर्ष 2026–27 की सहायता अनुदान के लिए द्वीपसमूह के पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित करता है। इसके तहत प्रत्येक पात्र संगठन को 25 हजार रूपये का सहायता अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए सांस्कृतिक संगठनों का द्वीपसमूह में पंजीकृत कार्यालय, कला–संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के संवर्धन में सक्रिय तथा न्यूनतम एक वर्ष की अवधि से कार्यरत होना चाहिए। इच्छुक संगठनों को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 15 सितम्बर तक विभाग के निदेशक के पते पर जमा करना होगा। आवेदन फार्म प्रशासन के वेबसाइट से डाउनलोड या कला एवं संस्कृति निदेशालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 'टीबी मुक्त भारत ऐप' लॉन्च किया है। टीबी मुक्त भारत ऐप एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे टीबी से संबंधित जानकारी और सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ऐप उपचार संबंधी मार्गदर्शन, दवा लेने के नियम और फॉलो–अप सहायता प्रदान करता है। इस एप्लिकेशन के तहत 'निक्षय मित्र' पहल के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को आसान बनाना है।

ऐप में "खुशी – आपकी ई–संगिनी" नाम से एक इंटरैक्टिव चैटबॉट भी शामिल है, जिसे टीबी पर त्वरित, विश्वसनीय और उपयोगकर्ता के अनुकूल जानकारी प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। मंत्रालय ने आम जनता से निक्षय मित्र के रूप में नामांकन कर जरूरतमंद टीबी रोगियों की मदद में योगदान देने के लिए टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड करने और इसका उपयोग करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के उद्देश्य से 'तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2025' के लिए पात्र खिलाड़ियों और साहसिक गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों से नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन केवल कॉमन अवाड्र्स पोर्टल के माध्यम से कल तक स्वीकार किए जाएंगे। यह पुरस्कार थल, जल और आकाश में साहसिक गतिविधियों में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' के लिए प्रदान किया जाता है। द्वीपसमूह के पात्र आवेदकों से निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन जमा करने और पोर्टल पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों तथा पात्रता मानदंडों का पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से, 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' विषय के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस को 'खेल सप्ताह' के रूप में मनाने जा रहा है। यह आयोजन "श्रद्धांजलि, खेल और आगे बढ़ें" के तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। खेल एवं युवा मामले विभाग सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के तहत 22 अगस्त से विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करेगा। इच्छुक प्रतिभागी और टीमें 21 अगस्त को सुबह 9 बजे तक संबंधित अधिकारियों के पास अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। विजेताओं को 29 अगस्त को शाम 4 बजे नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के मुख्य समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

इस बीच, राष्ट्रीय खेल दिवस के समारोह के हिस्से के रूप में, उप शिक्षा कार्यालय, विम्बर्लीगंज की ओर से छात्रों के लिए आज से 25 अगस्त तक कन्यापुरम स्थिति बहुउद्देशीय हॉल में अंडर–14 और अंडर–17 आयु वर्ग की इंटर–स्कूल टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से दक्षिण अंडमान जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह चैम्पियनशिप 22 और 23 अगस्त को श्री विजयपुरम में आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ी और टीमें निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से 21 अगस्त तक अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार संघ राज्य क्षेत्र पशुचिकित्सा परिषद ने द्वीपसमूह के सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए भारतीय पशुचिकित्सा परिषद, नई दिल्ली ने NEET –2026 की मेरिट सूची के आधार पर शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के तहत बी वी एससी और ए एच. डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कल से ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू कर दी है। पात्र उम्मीदवार भारतीय पशुचिकित्सा परिषद द्वारा जारी समय–सारणी और दिशानिर्देशों के अनुसार परामर्श प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>